Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 16-03-2005

Participants : Khanna Shri Avinash Rai

>

Title: Widespread resentment among the people due to infilteration of Bangladeshis, particularly in Punjab.

श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर) : अध्यक्ष महोदय, सभी जानते हैं कि पंजाब ने 10-12 साल तक आतंकवाद को झेला है। वहां बहुत मेहनत करने के बाद शांति आई है। पिछले कुछ दिनों पहले पंजाब में 9 (नौ) बंगलादेशी पकड़े गए। इनवैस्टिगेशन से पता चला कि वे बंगलादेशी ही थे। वे बंगलादेश से वाया पंजाब पाकिस्तान जाना चाहते थे। अगर यही बात सच मानी जाए तो अनुमान लगाया जा सकता है कि इंटरनल सिक्योरिटी में कितने लूपहोल्स हैं? यह बात स्पट दिखायी भी देती है। ऐसी घटनाएं दोबारा न घटे और बंगलादेशी पंजाब में पैर न पसारें, इसके लिए सरकार को सुनिश्चित कदम उठाने चाहिए।

श्री मदन लाल शर्मा (जम्मू) : आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं सबसे पहले आपसे माफी चाहता हूं। आप मेरा प्वाइंट नहीं समझे और मैंने भी जल्दबाजी में प्रोटैस्ट दर्ज करवाया। मैं इसके लिए माफी चाहता हूं।

अध्यक्ष महोदयः आप अपना मुद्दा उठाइए।